02
29.04.2020
1452
29-4-20

आई0पी0एस0

अर्द्धशा0पत्र :डीजी-दो/ब-51/2018

अपर पुलिस महानिदेशक-प्रशासन

उत्तर प्रदेश।

NR-797

दिनांकः लखनऊः अप्रैल 28 ,2020

प्रिय महोदय,

विगत वर्षो में यह अनुभव किया गया है कि कतिपय पी0पी0एस0 अधिकारी अपनी वार्षिक स्वमूल्यांकन आख्या समय पर नहीं प्रेषित करते हैं । इस कारण पदोन्नति,ए0सी0पी0 का लाभ एवं अलंकरण आदि प्रशासनिक कार्यो में कठिनाई होती है । आपके अधीनस्थ नियुक्त पी0पी0एस0 अधिकारियों की प्रचलित वार्षिक स्वमूल्यांकन आख्या पूर्ण किये जाने हेतु निम्नांकित कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया जा रहा है:-

(1) समस्त पी0पी0एस0 अधिकारी वित्तीय वर्ष 2019-2020(01-04-2019 से 31-03-2020) तक की अपनी-अपनी वार्षिक स्वमूल्यांकन आख्या प्रत्येक दशा में दिनांक 15-05-2020 तक अपने प्रतिवेदक अधिकारी को प्रेषित करें ।

(2) समस्त प्रतिवेदन अधिकारियों से अनुरोध है कि वह इन स्वमूल्यांकन आख्याओं में अपना गोपनीय मन्तव्य प्रतिवेदक अधिकारी के रूप में अंकित कर दिनांक 30-05-2020 तक समीक्षक अधिकारी को प्रेषित करते हुए इसकी सूचना मुख्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें ।

(3) समीक्षक अधिकारीगणों से अनुरोध है कि दिनांक 15-06-2020 तक अपना गोपनीय मन्तव्य समीक्षक अधिकारी के रूप में अंकित कर वार्षिक स्वमूल्यांकन आख्या को स्वीकृर्ता अधिकारी को प्रेषित करने का कष्ट करें तथा इसकी सूचना मुख्यालय को भी उपलब्ध करायें ।

(4) स्वीकृता अधिकारियों से अनुरोध है कि कृपया दिनांक 30-06-2020 तक इन स्वमूल्यांकन आख्याओं पर अपना गोपनीय मन्तव्य स्वीकृर्ता अधिकारी के रूप से अंकित कर इस मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(पी0सी0 मीना)

समस्त अपर पुलिस महानिदेशक, जोन एवं पुलिस आयुक्त,लखनऊ/नोएडा
समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक,परिक्षेत्र,उ0प्र0

1-अपर पुलिस महानिदेशक,एसआईटी/एसीओ/सुरक्षा/यातायात/विशेष जांच/पावर कारपोरेशन पुलिस अकादमी,मुरादाबाद/पीटीसी,मुरादाबाद/सीतापुर/पीटीएस गोरखपुर/उन्नाव/मेरठ/चुनार पुलिस मुख्यालय/पीएसी मुख्यालय/तकनीकी सेवायें/सहकारिता/एटीएस/एसटीएफ/खाद्य प्रकोष्ठ/ फायर सर्विस/उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड/रेलवे/मानवाधिकार/सुरक्षा शाखा/ डायल-112/उ0प्र0/

2-प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र,जवाहर भवन,लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि कृपया उक्त पत्र को पुलिस की बेबसाइड पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें ।

I/c Website

29/4/2020

SPAD
29/04/20.